सत्यमेव जयते


राज निवास
दिल्ली-११००५४
RAJ NIWAS
DELHI-110054

विनय कुमार सक्सेना
उपराज्यपाल
Vinai Kumar Saxena
Lt. Governor


**D.O. No. RN/2025/**396
**Dated:**30**.05.2025**

## संदेश

मुझे बहुत खुशी है कि **लव कुश रामलीला कमेटी** प्रत्येक वर्ष की भांति, इस वर्ष भी 22 सितंबर से 3 अक्टूबर 2025, तक भव्य रामलीला का आयोजन कर रही है। मैं इसके लिए कमेटी के समस्त पदाधिकारियों को बधाई देता हूं। यह आयोजन न केवल हमारे सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करता है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और हमारी आस्था का भी प्रतीक है।

वर्षों से यह रामलीला कई गणमान्य अतिथियों के आगमन की साक्षी रही है। यह आयोजन समाज के विभिन्न समुदायों के लोगों की एकजुटता का महाकुंभ भी बना है। इस लीला के माध्यम से कमेटी, समाज को एक सूत्र में बांधने का जो कार्य कर रही है, वह सराहनीय है।

इस अवसर पर मैं, लव कुश रामलीला कमेटी को '**संग्रहणीय स्मारिका**' के प्रकाशन पर अपनी तरफ से बधाई प्रेषित करता हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी यह कमेटी, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला का भव्य मंचन ऐसे ही करती रहेगी, और उनके आदर्शों और संदेशों को घर-घर पहुंचाती रहेगी।

**(विनय कुमार सक्सेना)**